मध्य प्रदेश में ग्रामीण दूरसंचार केन्द्र

270. **श्री अजीत जोगी** : क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) चालू तथा आगामी वित्तीय वर्ष में, मध्य प्रदेश के निम्नलिखित क्षेत्रों में प्रौद्योगिकी मिशन के अधीन ग्रामीण दूरसंचार केन्द्र स्थापित किए जाने की संभावना है, उनके नाम क्या हैं;

(ख) प्रत्येक योजना के अधीन कितने टेलीफ़ोन लगाए जाने की संभावना है; और

(ग) उपर्युक्त योजना के अन्तर्गत मध्य प्रदेश का कितना ग्रामीण क्षेत्र और उसकी कितनी आबादी लाभान्वित होगी ?

इस्पात और खान मंत्री साथ में विधि और न्याय मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार (श्री दिनेश गोस्वामी) : (क) मध्य प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में चालू वित्तीय वर्ष में 75 टेलीफ़ोन एक्सचेंज और आगामी वित्तीय वर्ष में 80 टेलीफ़ोन एक्सचेंज स्थापित करने की विभाग की योजना है। यह एक्सचेंज मध्य प्रदेश के सभी ग्रामीण क्षेत्रों में फैले होंगे।

(ख) और (ग) उपर्युक्त योजना के अधीन चालू वित्तीय वर्ष में 1125 टेलीफ़ोन और आगामी वित्तीय वर्ष में 1200 टेलीफ़ोन लगाए जाने की संभावना है इसका लाभ गांवों की समस्त जनता तक पहुंचाया जाएगा जहां पर ये एक्सचेंज स्थापित किए जाएंगे।

मध्य प्रदेश में टेलीफ़ोन कनेक्शनों के लिए लंबित आवेदन

271. **श्री अजीत जोगी** : क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश के रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, इन्दौर, ग्वालियर और जबलपुर नगरों में टेलीफ़ोन कनेक्शनों के लिए कितने मामले और आवेदन लम्बित हैं ;

(ख) उपर्युक्त आवेदकों को टेलीफ़ोन कनेक्शन कब तक उपलब्ध करा दिए जाने की संभावना है ;

(ग) क्या इन शहरों में टेलीफ़ोन लाइनों की क्षमता के विस्तार के लिए कोई नई योजना बनाई जा रही है; और

(घ) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है ?

इस्पात और खान मंत्री साथ में विधि और न्याय मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार (दिनेश गोस्वामी) : (क), (ख) और (घ) विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है। [देखिये परिशिष्ट सं० 153, अनुबन्ध संख्या 3]

(ग) नहीं।

Problems being faced by the film industry

272. SHRI SURESH KALMADI: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state:

(a) whether the Committee appointed by Government have completed its study about the problems of film industry;

(b) if so, the details of its recommendations to solve the problems facing the film industry; and

(c) what are the views of Government and film industry on these recommendations?

THE MINISTER OF INFORMATION AND BROADCASING AND PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI P. UPENDRA): (a) Yes, Sir.

(b) Summary of the recommendations made by the committee is enclosed (Annexure). (*See* Appendix CLIII, Annexure No. 4)

(c) The Ministry of Information and Broadcasting have accepted the recommendations of the Committee. However, most of the recommendations concern State Governments and other Ministries/Departments. As major film bodies in the Film Industry were represented on the Committee, the recommendations made by the Committee have their approval.